राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–44/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार लोक भवन में राजस्थान दिवस का आयोजन किया गया

पटना 30 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन, पटना में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा राजस्थान के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं राज्य के प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है। वहाँ महाराणा प्रताप और राणा साँगा जैसे योद्धा हुए। आधुनिक काल में मेजर शैतान सिंह भाटी ने वर्ष 1962 के भारत चीन युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अंत में वे शहीद हो गए। उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। भारत का पहला परमाणु परीक्षण पोखरण में किया गया था। राजस्थान में अनेक महत्वपूर्ण स्थल हैं। शिक्षा के कोटा मॉडल से विद्यार्थियों को काफी लाभ मिला है।

राज्यपाल ने राजस्थान में अपनी पदस्थापना के अनुभवों को साझा किया।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजस्थान की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ० उषा डिडवानिया, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री राकेश बंसल तथा उपाध्यक्ष श्री रणदीप झुनझुनवाला ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्यगण, बिहार में रहकर पढ़ाई कर रहे राजस्थान के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे राजस्थान के महानुभावगण एवं उनके परिजन तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

....